# गणेश मंदिर के पुजारी पर हमले का प्रयास

## मंदिर में बका लेकर घुसे आरोपी ने जान से मारने की दी धमकी

नवभारत न्यूज

**सीहोर, 26 जुलाई. पुराने किसी विवाद को लेकर शहर के प्राचीन व प्रसिद्ध श्री चिंतामन गणेश मंदिर के पुजारी पर हमला करने धारदार हथियार लेकर पहुंच गया. इस दौरान उसने मंदिर में पुजारी के साथ गाली-गलौच करते हुए उस पर हमला करने का प्रयास किया, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच- बचाव किया. बाद में पुजारी ने धार्मिक संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मंडी थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया. पुलिस ने तत्परता से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.**

जानकारी के अनुसार शहर के प्राचीन श्री चिंतामन गणेश मंदिर के व्यवस्थापक पं.पृथ्वीवल्लभ दुबे के पुत्र जयेन्द्र दुबे मंदिर में पूजापाठ करते हैं. बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर जयेन्द्र दुबे जब मंदिर में मौजूद थे तभी वहां कस्बा निवासी 75 वर्षीय महेश यादव वहां पहुंचा. इस दौरान उसकी पुजारी जयेन्द्र से कुछ बातचीत हुई. फिर उसने अपने पास रखे एक झोले में से धारदार हथियार निकाला और पुजारी जयेन्द्र से गाली- गलौच करते हुए हमला करने का प्रयास किया.



### लेनदेन को लेकर बताया जा रहा है पुराना विवाद

गौरतलब है कि श्रीगणेश मंदिर के संचालन को लेकर पृथ्वीवल्लभ दुबे और व्यास परिवार में लंबे समय से विवाद चला आ रहा है. न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद दोनों परिवारों को एक- एक साल के लिए मंदिर की व्यवस्था का दायित्व सौंपा जाता है. आरोपी महेश यादव का कहना है कि जब दुबे परिवार का व्यास परिवार से हाईकोर्ट में प्रकरण चल रहा था तब उसने दुबे परिवार को 18 लाख रुपए दिए थे जो पृथ्वीवल्लभ दुबे द्वारा वापस नहीं लौटाए जा रहे थे. आज भी वह अपने पैसों का तकाजा करने मंदिर गया था.

### आरोपी को किया है गिरफ्तार

गणेश मंदिर के पुजारी जयेन्द्र द्वारा महेश यादव के विरुद्ध आवेदन पत्र मंडी थाने में दिया था. जांचोपरांत महेश के खिलाफ अपराध धारा 296 351(2) बी एन एस 25 शस्त्र अधिनियम का प्रकरण पंजीकृत किया जाकर, आरोपी महेश यादव को गिरफ्तार किया गया है.

**अभिनंदना शर्मा,**
नगर पुलिस अधीक्षक

# बच्चों से भरी बस हाईटेंशन लाइन में फंसी

## बस में 50 स्कूली बच्चे सवार थे, गनीमत रही बिजली सप्लाई बंद थी

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 26 जुलाई. बेगमगंज के सेंट थॉमस कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स को भोपाल ले जाते समय स्लीपर स्कूल की बस की छत स्कूल के मेनगेट के ऊपर से निकली हाईटेंशन बिजली लाइन में फंस गई. तार ऊंचा करके बस को बमुश्किल निकाला. बस में करीब 50 विद्यार्थी सवार थे. गनीमत रही कि इस वक्त बिजली सप्लाई बंद थी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था. बिजली कंपनी के अफसरों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 24 घण्टे में लाइन ऊंची करने के निर्देश दिए हैं.**

घटना शनिवार सुबह करीब 7 बजे की है. जब सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के करीब 50 स्टूडेंट का बैंड ग्रुप एक निजी स्लीपर बस से भोपाल जाने के लिए रवाना हुआ था, स्कूल प्रबंधन ने यह निजी बस किराये से ली थी. जब यह बस स्कूल के मेन गेट पर पहुंची तो गेट के ऊपर से निकली हाईटेंशन बिजली लाइन के तार बस की छत में फंस गए, जिसे बमुश्किल बस के हेल्पर द्वारा तारों को ऊंचा करके बस को निकाला गया.



### ....नहीं तो हो सकता था बड़ा हादसा

बस चालक का कहना है कि जब वह बस को गेट से स्कूल के अंदर लेकर गया तो उस समय लाइन फंसने जैसी कोई बात नहीं हुई, लेकिन लौटते समय बस की छत विद्युत लाइन में फंस गई. गनीमत रही कि उस समय शायद बिजली गुल थी और तारों में करंट प्रवाहित नहीं हो रहा था. फंसे हुए तारों को बस के हेल्पर द्वारा ऊंची करके निकाला गया. वहीं स्कूल प्रबंधन का कहना है कि कई बार बिजली अधिकारियों को इस संबंध में आवेदन भेजे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक उन पर कोई विचार नहीं होने से स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है .

### इनका कहना है...

शिकायत आपके द्वारा अभी मिली है, गंभीर मामला है. इसलिए 24 घंटे के अंदर व्यवस्था करने के निर्देश विद्युतकर्मियों को दिए गए हैं. यह काम तत्काल कराया जा रहा है.

**- पराग धड़बड़े, कार्यपालन यंत्री मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी**

# फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्त में

## बिहार, उत्तरप्रदेश से 5 आरोपी गिरफ्तार, साढ़े पांच लाख रुपये नगदी जब्त

नवभारत न्यूज

**तलेन/राजगढ़ 26 जुलाई. फ्रेंचाइजी के नाम पर साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए बिहार, उत्तरप्रदेश से पांच लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया है तथा साढ़े पांच लाख रुपये नगदी राशि जप्त की है.**

थाना तलेन में पंजीबद्ध साइबर ठगी प्रकरण में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा पांच आरोपियों को बिहार के पटना, उत्तरप्रदेश राज्य से गिरफ्तार किया है. इनके पास से ठगी में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किया है.

पुलिस के अनुसार ग्राम नाहली थाना तलेन निवासी फरियादी अरविंद सिंह मकवाना द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने यू ट्यूब के माध्यम से एक वेबसाइट से संपर्क कर ऑनलाइन उत्पादों की डिलीवरी हेतु फ्रेंचाइजी के प्रयास किए.



# स्कूली बच्चों ने मां के नाम लगाये पौधे

**सिरोंज.** हरियाली अमावस्या के अवसर पर बृज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया.

जिसमें स्कूली बच्चों ने अपनी मां के नाम एक पौधा रोपित किया. इस दौरान पीपल, नीम, नींबू, जामफल, जामुन, गुलाब सहित कई तरह के पौधों का रोपण किया गया. विद्यालय के संचालक पं. प्रशांत पालीवाल ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताया. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और घटते वन क्षेत्र को देखते हुए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक हो गया है.

# तवा नदी का जलस्तर बढ़ा, सतपुड़ा बांध के सात गेट खोले

- मौसम विभाग ने जारी किया आरेंज अलर्ट
- सबसे अधिक बारिश घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में दर्ज

नवभारत न्यूज़

**बैतूल/सारणी. बैतूल में बारिश ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 24 घंटों से लगातार हो रही बारिश में एक इंच से ज्यादा पानी गिरा है।**

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए जिले में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर सतपुड़ा बांध क्षेत्र में तीन इंच से ज्यादा बारिश होने के बाद बांध के सात गेट छह-छह फुट तक खोले गए हैं। इनसे 32 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। शुक्रवार को गेट तीन-तीन फुट खोले गए थे, जिनसे 17 हजार 300 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। रात दो बजे गेटों की ऊंचाई बढ़ाने से बांध का जलस्तर 1430 फुट से घटकर 1429.50 फुट हो गया है। निचले क्षेत्रों में तवा नदी का जलस्तर बढ़ा है, लेकिन कोई इलाका प्रभावित नहीं हुआ है। सतपुड़ा के गेट खोलने से तवा बांध में भी पानी बढ़ रहा है।



जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 26 जुलाई को प्रात: 8 बजे तक 37.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील बैतूल में 30.4, घोड़ाडोंगरी में 57.0,मुलताई में 49.2, आमला में 22.0, औसत वर्षा दर्ज की गई है। बता दे कि जिले की औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा जिले में अभी तक 435.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 411.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## एक नजर में



### जिला न्यायालय को इन्दौर हाईकोर्ट से जोड़ने की मांग

**सीहोर.** जिला न्यायालय को इंदौर हाईकोर्ट से जोड़ने की मांग को लेकर पकांग्रेसजनों ने संयुक्त कलेक्टर आनन्द रजावत को ज्ञापन सौंपा है. सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेसजनों द्वारा मांग की गई है कि जिले की जनता कई वर्षों जिला न्यायालय को इन्दौर हाईकोर्ट खण्ड पीठ से जोड़ने की मांग कर रही है. अगर शीघ्र ही जिला न्यायालय को इन्दौर हाईकोर्ट की खण्डपीठ से नहीं जोड़ा गया तो जनता सड़कों पर उतर कर आन्दोलन करने पर मजबूर होगी. ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ.बलवीर तोमर, निशांत वर्मा, राधेश्याम यादव, राजीव मिश्रा, राम नारायण ताम्रकार, मुकेश ठाकुर, प्रदीप पहलवान, महेश दयाल चौरसिया, आरती खंगराले, सुभाष चौहान, शरद जोशी, राजेन्द्र कुशवाह, नायाब खान, ममता शर्मा, घनश्याम जाटव, दीपक सोनकर शामिल हैं.

### 7 माह से फरार गौवंश तस्कर को अमरावती से किया गिरफ्तार

**बैतूल.** कोतवाली पुलिस ने 07 माह से फरार गौवंश तस्कर मोहम्मद हाफिज को महाराष्ट्र के चांदुर बाजार, अमरावती से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25 दिसंबर 2024 को नीमपानी क्षेत्र में टाटा इन्ट्रा लोडिंग वाहन (क्रमांक एमएच 30बीडी 6095) में अवैध रूप से गौवंश ले जाए जाने की सूचना मिलने पर उक्त वाहन का पीछा किया। सोनाघाटी के शीतला धर्मकांटा के पास वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की जांच करने पर उसमें 10 नग गाय एवं 01 बछड़ा पाये गये, जिन्हें क्रूरता पूर्वक भूखा-प्यासा, सींग व पैरों से बांधकर रखा गया था।

### कारगिल विजय दिवस : पीजी कॉलेज में होगी विचार गोष्ठी

**सिलवानी.** भारतीय सैनिको के शौर्य व बहादुरी के प्रतीक कारगिल विजय के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को स्थानीय शासकीय पीजी कॉलेज में किया जाएगा. प्राचार्य मनोहर लाल कोरी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के तहत बुधवार को महाविद्यालय परिसर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर परिचर्चा, विचार गोष्ठी, चित्र प्रदर्शनी, डॉक्यूमेंट्री कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.



### विधायक ने हाई स्कूल दरियापुर में बांटी साइकिलें

**छापीहेड़ा.** समीपस्थ ग्राम दरियापुर के हाई स्कूल में गुरुवार को कक्षा नवी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल योजना के तहत विधायक हजारीलाल दांगी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा साइकिल का वितरण किया गया. विधायक दांगी ने कहा किबेटियां खूब पड़े, आगे बड़े, माता-पिता का नाम रोशन करें. सरकार हर संभव मदद करेगी. साइकिल वितरण के पश्चात विधायक दांगी ने मुख्य मार्ग से विद्यालय पहुंच मार्ग का सीसी रोड का भूमि पूजन कर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता स्कूल स्टॉप, बच्चे मौजूद रहे.

# कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**कुंभराज, 26 जुलाई. महाविद्यालय कुंभराज में एक पेड़ मां के नाम एवं कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की योजना मेरा युवा के अंतर्गत जिला युवा अधिकारी आकांक्षा महावेरिया के निर्देशन में किया गया।**

कार्यक्रम में केवट युवा मंडल और राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की सहभागिता रही। कार्यक्रम संयोजक संदीप मेहरा ने वृक्षारोपण की आवश्यकता और वृक्ष संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रशासनिक अधिकारी रवि यादव ने फलदार वृक्षों के रोपण को न सिर्फ पर्यावरण बल्कि स्वरोजगार की दृष्टि से भी उपयोगी बताया।

मुकेश सेन ने निरंतर वनों की कटाई से उत्पन्न होने वाले पर्यावरणीय संकटों पर विस्तार से जानकारी दी, वहीं श्रीमती बबली वर्मा ने विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण करने एवं वृक्षों को उपहार स्वरूप देने की प्रेरणा दी। डॉ. मुक्ता यादव ने कारगिल के शहीदों के बलिदान और उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातें साझा कीं।



# ई-अटेंडेंस के विरोध में आए कर्मचारी

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ, 26 जुलाई. पशुपालन एवं डेयरी विभाग में 1 अगस्त से सार्थक ऐप द्वारा ई-अटेन्डेन्स में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है सार्थक ऐप में उपस्थिति लगाने में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों को व्यहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या का निराकरण कराने पशुपालन विभाग के कर्मचारियों ने प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग भोपाल को सौंपा है।**

ज्ञापन में बताया गया है कि पशुपालन विभाग में पशु चिकित्सा का कार्य सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों द्वारा सम्पादित किया जाता है। पशु चिकित्सा का कार्य अनिवार्य सेवा एवं 24 घंटो की पशु चिकित्सा का है।

सार्थक एप मे उपस्थिति दर्ज करने हेतु शासन द्वारा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियो को न तो मोबाईल एवं न ही इंटरनेट डाटा उपलब्ध कराया गया है. यदि सार्थक ऐप से उपस्थिति अनिवार्य है तो जिस तरह मप्र., उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में अन्य विभागों को इलेक्ट्रानिक उपकरण हेतु राशि उपलब्ध कराई गई है उसी तरह विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को भी आवश्यक उपकरणों हेतु राशि उपलब्ध कराई जाये।



# शिवभक्तों के जयघोष से गूंजी पचमढ़ी

## डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये पदमशेष नागद्वार गुफा के दर्शन

नवभारत न्यूज

**पचमढ़ी, 26 जुलाई. श्रावण मास के अंतिम सप्ताह में पचमढ़ी क्षेत्र में आयोजित नागद्वारी मेला भक्तों की आस्था, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम बन गया है। सतपुड़ा की वादियों में स्थित पवित्र नागद्वारी गुफा मंदिर की ओर बढ़ती श्रद्धालुओं की टोलियां भगवान भोलेनाथ के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की धुन से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना रही हैं।**

यह आध्यात्मिक यात्रा पिछले एक सप्ताह से जारी है, जो लगभग 15 से 20 किलोमीटर के दुर्गम पहाड़ी रास्तों, झरनों और गुफाओं से होकर गुजरती है। चौरागढ़ यात्रा का पहला प्रमुख पड़ाव है, जहां परंपरागत रूप से श्रद्धालु त्रिशूल अर्पित करते हैं। इसके बाद यात्रा नागद्वारी की रहस्यमयी गुफा तक पहुंचती है, जिसे नागलोक का प्रवेश द्वार माना जाता है।



यहां स्थित शिवलिंग, निरंतर गिरती जलधारा और गुफा में नाग आकृतियां इस स्थान की आध्यात्मिक महत्ता को दर्शाती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, यह स्थान पद्मशेष वासुकी नाग का निवास स्थल रहा है। यहां हलवा, नारियल और नींबू से पूजा की जाती है।

# टीका लगने के बाद बालिका ने दम तोड़ा

**सुठालिया. मलावर थानांतर्गत आने वाले ग्राम मोरीखो निवासी एक डेढ़ वर्षीय बालिका ने शनिवार को टीका लगने के बाद दम तोड़ दिया.**

जानकारी के अनुसार ग्राम मोरीखो निवासी डेढ़ वर्ष की बालिका सीया पिता बबलू बंजारा उम्र डेढ़ वर्ष को परिजन ने गांव में ही शाम 4 बजे 18 माह का टीका लगवाया गया. परिजनों का कहना है कि टीका लगने के कुछ समय बाद एकाएक बालिका की तबीयत बिगड़ने लगी तथा वह उसे लेकर सुठालिया अस्पताल आये जहां बालिका ने दम तोड़ दिया.

बालिका के परिजन द्वारा सुठालिया पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है. इसके बाद तीन चिकित्सको ने बालिका का पीएम किया.

# किशनपुर के मुक्तिधाम में नहीं टीन शेड

नवभारत न्यूज

**पठारी, 26 जुलाई. तहसील अंतर्गत कुरवाई जनपद पंचायत की मथुरापुर पंचायत के ग्राम किशनपुरा के मुक्ति धाम में टीनशेड नही होने की वजह से ग्रामीणों को मृत परिजनों के अंतिम संस्कार करने में भारी समस्या हो रही है. जिसके चलते बारिश के मौसम में खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है.**

मुक्तिधाम बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हालत में है ग्राम किशनपुर के सुलतान गुर्जर,राजेश गुर्जर ने बताया कि पिछले 6 वर्ष पूर्व आंधी तूफान में यह टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया था उन्होने बताया कि इस संबंध में उन्होंने कई बार अधिकारियों से मुक्तिधाम का टीन सेट एवं मुक्तिधाम मेंटीनेंस कार्य कराने की मांग की है, इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा भी कई बार टीन सेट निर्माण राशि स्वीकृत करने की मांग की है लेकिन इसके बाद भी उक्त टीन सेट के लिए राशि स्वीकृत नही हो सकी है

.इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव मूरत सिंह विश्वकर्मा ने बताया कि नवीन टीन शेड का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जायेगा.

धरना | जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# स्मार्ट मीटर, सड़क के गड्ढे और शराब के मुद्दों पर सरकार को घेरा

नवभारत न्यूज

**विदिशा 26 जुलाई, शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न जन समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन माधवगंज चौराहे पर किया गया. इस दौरान कांग्रेस द्वारा स्मार्ट मीटर, बिजली बिल, नगर की खस्ताहाल सड़कों और बेरोजगारी सहित अनेक समस्याओं को लेकर जिम्मेदारों को आड़े हाथों लिया. वहीं जन समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग की.**

इस मौके पर जिला प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनता को परेशान कर रही है। जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं दे पा रही है. सड़क की बात करें, नगर पालिका द्वारा बढ़ाए हुए टैक्स की बात करें, चाहे किसानों को खाद की बात करें किसानों को खाद के लिए परेशान किया जा रहा है उनको खाद मिल नहीं रहा है और गली-गली में शराब बिक रही है गाय रोड पर बैठी हैं, उनका कोई सहारा नहीं है. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को परेशान करती है. विदिशा की सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हो रहे हैं, उन्हें भरवाने का काम नहीं कर रही है. हम इनका पूर्णता विरोध करते हैं। जबरन स्मार्ट मीटर लगाया जा रहे हैं.भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है. शिवराज सिंह चौहान यहां के सांसद हैं और कृषि मंत्री विदिशा को पेरिस बनाने की बात करते थे, लेकिन शहर में सड़कों की खस्ताहाल हालत सहित अन्य जन समस्याएं हैं.

शहर के लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं हो पा रही हैं.हम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता प्रशासन से मांग करते हैं अति शीघ्र हमारी मांगे मानी जाएं नहीं तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी.

